भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न 1392
मंगलवार, 28 जुलाई, 2026/6 श्रावण,1948(शक) को उत्तरार्थ

उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र में भारत टैक्सी की उपलब्धता

†1392. **श्री राजीव रायः**

क्या **सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या उत्तर प्रदेश विशेषकर पूर्वांचल में भारत टैक्सी की सुविधा उपलब्ध है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा भारत टैक्सी के विकास, संवर्धन, रखरखाव और संचालन पर किए गए कुल व्यय का ब्यौरा क्या है तथा इसके वित्तपोषण का स्रोत क्या है; और

(ग) क्या सरकार ने भारत टैक्सी प्लेटफार्म के आरंभ के बाद से इसके संबंध में प्राप्त शिकायतों, उपभोक्ता संतुष्टि और किराए की प्रतिस्पर्धात्मकता सहित इसके प्रदर्शन का आकलन किया है और क्या इसके प्रदर्शन की तुलना निजी टैक्सी एग्रीगेटर्स से की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस संबंध में क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

सहकारिता मंत्री
(श्री अमित शाह)

(क) भारत टैक्सी सहकारिता-आधारित एक डिजिटल ऐप आधारित मोबिलिटी प्लेटफॉर्म है, जिसका संचालन सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड (एसटीसीएल) द्वारा किया जाता है। एसटीसीएल बहु-राज्य सहकारी समितियां अधिनियम, 2002 के अंतर्गत पंजीकृत एक बहु-राज्य सहकारी समिति है। भारत टैक्सी अपनी सेवाएं दिल्ली-एनसीआर, गुजरात तथा महाराष्ट्र के विभिन्न शहरों में प्रदान कर रही है। वर्तमान में भारत टैक्सी का उत्तर प्रदेश, विशेषकर पूर्वांचल क्षेत्र में, आधिकारिक रूप से शुभारंभ नहीं किया गया है।

(ख) सरकार ने भारत टैक्सी के विकास, संवर्धन, रखरखाव या प्रचालन पर कोई व्यय नहीं किया है। सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड (एसटीसीएल) अपने स्वयं के पूंजीगत संसाधनों से भारत टैक्सी के विकास, प्रचार-प्रसार, अनुरक्षण (रखरखाव) तथा संचालन का वित्तपोषण करता है।

(ग) भारत टैक्सी एप्लीकेशन के प्रदर्शन की समीक्षा सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड (एसटीसीएल) द्वारा समय-समय पर की जाती है । इस समीक्षा में प्रमुख परिचालन एवं सेवा-संबंधित मानकों को शामिल किया गया है, जिनमें ग्राहक अनुभव, प्राप्त शिकायतें, किराए की प्रतिस्पर्धात्मकता, प्लेटफॉर्म का प्रदर्शन और प्रौद्योगिकी प्रणालियों की प्रभावशीलता शामिल हैं । सुधार के क्षेत्रों की पहचान करने के लिए टैक्सी एग्रीगेशन क्षेत्र में प्रचलित कार्यप्रणालियों के साथ भी इस एप्लीकेशन का बेंचमार्क किया जाता है।

ऐसी समीक्षाओं के निष्कर्षों और उपयोगकर्ताओं से प्राप्त फीडबैक (प्रतिक्रिया) के आधार पर, जहां भी आवश्यक हो, उचित सुधारात्मक उपाय किए जाते हैं । इनमें प्रौद्योगिकी प्लेटफॉर्म को सशक्त करना, सॉफ्टवेयर-संबंधित समस्याओं का समाधान करना, प्लेटफॉर्म की विशेषताओं को बढ़ाना, किराए से जुड़े पहलुओं की समीक्षा करना और सेवा प्रदाय में सुधार करना शामिल है । प्लेटफॉर्म के विश्वसनीय और कुशल कामकाज का समर्थन करने के लिए नियमित तकनीकी और परिचालन निगरानी भी की जाती है।

******